रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 15—नवम्बर 21, 2014 (कार्तिक 24, 1936)

No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 15—NOVEMBER 21, 2014 (KARTIKA 24, 1936)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	1233
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	993
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	2017
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	1369
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	7085
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	1307
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1233
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	993
PART I—SECTION 3—Notifications relating to resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2017
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1369
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	7085
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	1307
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2014

संख्या 73-प्रेज/2014- राष्ट्रपति अति असाधारण वीरतापूर्ण कार्यों के लिए निम्नलिखित व्यक्ति को "अशोक चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:-

1. आईसी-72861एम मेजर मुकुन्द वरडराजन ,दि राजपूत रेजिमेंट/44वीं बटालियन, दि राष्ट्रीय राईफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीखः 25 अप्रैल, 2014)

25 अप्रैल, 2014 को मेजर मुकुन्द वरडराजन, कम्पनी कमांडर को जम्मू और कश्मीर के शोपियां जिले के गांव में तीन आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई। इस समूह ने एक दिन पहले ही पोलिंग अधिकारियों को लक्ष्य बनाया था। मेजर मुकुन्द ने प्रभावपूर्ण घेराबंदी में टुकडियों की तैनाती करके तेजी से कार्रवाई की और लक्षित घर से सिविलियनों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

मेजर मुकुन्द ने स्वयं विध्वंसक दल का नेतृत्व किया और आतंकवादियों की गोलीबारी का निडरता से सामना करते हुए लक्षित घर का विध्वंस किया। इस आक्रामक कार्रवाई से आतंकवादियों को परिसर के बाहर स्थित घर में जाने के लिए विवश कर दिया।

मेजर मुकुन्द ने अपने साथियों के साथ अत्यंत साहस का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादियों का पीछा किया और बहिर्गृह में छुपे आतंकवादियों के समीप पहुंच गए। अधिकारी ने सीमेंट के बहिर्गृह के अंदर एक ग्रेनेड दागा जिससे एक आतंकवादी तत्काल मारा गया जबकि वे स्वयं खुले में खड़े थे। बहिर्गृह में मौजूद अन्य आतंकवादी ने अंधाधुंध स्वचालित गोलीबारी शुरू कर दी जिससे मेजर मुकुन्द गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि अत्यधिक खून बह रहा था, अपनी गंभीर चोट की परवाह किए बगैर और अत्यधिक उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए यह अधिकारी रेंगते हुए आगे बढ़ा, गोलीबारी की और दूसरे आतंकवादी को ढेर कर दिया। आतंकवादी के मारे जाने से लोकतंत्र और भारतीय सेना में जनता का विश्वास पुनः बहाल हुआ। जिला कमांडर के मारे जाने से तंजीम को गहरा आघात पहुंचा। मेजर मुकुंद वरडराजन को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया परंतु वे गंभीर रूप से घायल होने के कारण शहीद हो गए।

मेजर मुकुन्द वरडराजन ने अति असाधारण वीरता और असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों से संघर्ष करते समय सर्वोच्च बलिदान दिया।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

संख्या74 -प्रेज/2014- राष्ट्रपति वीरतापूर्ण कार्यों के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को "शौर्य चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:-

1. 5048243एक्स लांस नायक भरत कुमार क्षेत्री, 3/1वीं बटालियन दि गोरखा राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीखः 05 सितम्बर, 2013)

05 सितम्बर, 2013 को 0300 बजे चार आतंकवादियों और चार पाकिस्तानी सैनिकों के एक 'सीमा कार्यदल' ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर स्थित सामरिक रूप से महत्वपूर्ण चौकी 'अब्दुल हट' पर हमला करने का प्रयास किया। हस्त चालित थर्मल इमेजर के जरिए पाकिस्तानी दल का पता लगने पर उसका पीछा किया गया। लांस नायक भरत कुमार क्षेत्री ने रॉकेट लांचर को संभालते हुए निडरतापूर्वक खुले में खड़े होकर और अदम्य साहस एवं शस्त्र पर पूर्ण नियंत्रण रखते हुए, कॉलम पर उच्च विस्फोटक रॉकेट दागा और हमलावर दल पर आक्रमण किया। हमलावर दल तत्काल बिखर गया। इस समूह का 0500 बजे पीछा किया गया जब उससे पुनः सामना हुआ। लांस नायक भरत ने भांप लिया कि कॉलम बच निकल सकता है और स्वयं पर उत्पन्न व्यक्तिगत खतरे की परवाह किए बिना, शत्रु की प्रभावपूर्ण गोलीबारी में वीरतापूर्वक गोलीबारी का मोर्चा बेहतर संभाला। खुले मोर्चे से की गई उनकी दूसरी

गोलीबारी अपने लक्ष्य तक पहुंची। गोलीबारी में उनके साहस, अटूट वीरता, दृढ़ शक्ति और युद्ध के मैदान में कौशल से शत्रु का हमला विफल हो गया और एक विदेशी आतंकवादी और एक पाकिस्तानी हवलदार मारे गए जिसकी हमारी आसूचना एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई।

लांस नायक भरत कुमार क्षेत्री ने असाधारण अटूट साहस, धैर्य का परिचय दिया और आतंकवादियों से युद्ध करते समय शत्रु का सामना करते हुए अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह नहीं की।

2. 4368146 के नायक अन्सेग्रा वासुमतारी, 5वीं बटालियन दि आसाम रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 22 सितंबर, 2013)

22 सितम्बर, 2013 को आतंकवादियों के घुसपैठ करने के मार्ग को कवर करने के लिए तीन घात दलों की तैनाती की गई थी। नायक अन्सेग्रा वासुमतारी को जम्मू और कश्मीर के कूपवाड़ा जिले के लशदत नार क्षेत्र में गूच्ची-III स्थित घात टुकड़ी में तैनात किया गया था। 23 सितम्बर, 2013 को 0655 बजे घात टुकड़ी को 200 मीटर आगे कुछ संदिग्ध आवाजाही दिखाई दी। समग्र घात दल सतर्क हो गए। आतंकवादियों की आवाजाही पर निरंतर नजर रखी गई। जब आतंकवादी 20 मीटर दूर थे, घात टुकड़ी ने साहसपूर्ण तरीके से और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना हमला बोल दिया। घात दल और आतंकवादियों के बीच स्वचालित, एके-47 और अंडर बेरल ग्रेनेड लॉंचर गोलीबारी लंबे समय तक होती रही। नायक अन्सेग्रा ने साहस का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादियों पर भारी मात्रा में हल्की मशीन गन से सटीक गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरूप तीन आतंकवादी ढेर हो गए और भारी मात्रा में युद्धक सामग्री बरामद हुई।

नायक अन्सेग्रा वासुमतारी ने इस तरह आतंकवादियों से लड़ते हुए अद्वितीय साहस, उत्कृष्ट पराक्रम और बुद्धिमत्ता का परिचय दिया।

.3 जेसी-539962एच सूबेदार प्रकाश चन्द, 8वीं बटालियन दि कुमाऊं रेजिमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीखः 28 अक्टूबर, 2013)

28 अक्टूबर, 2013 की रात में सूबेदार प्रकाश चन्द जम्मू और कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित भीम चौकी से कमान चौकी तक घुसपैठ विरोधी गश्त का नेतृत्व कर रहे थे। लगभग 0015 बजे गश्त पर लघु शस्त्रों, अंडर बैरेल ग्रेनेड लांचर और रॉकेट नोदक संचालित ग्रेनेडों से भारी मात्रा में नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी की गई। सूबेदार प्रकाश चन्द ने मुस्तैदी से गश्त को लेट कर मोर्चा संभालने का आदेश दिया और अतुलनीय पराक्रम के साथ उस स्थान पर हमला बोला जहाँ से उनके दल को भारी गोलाबारी के कारण क्षति और खतरा उत्पन्न हो गया था। अपने जवानों को सुरक्षित करते हुए सूबेदार प्रकाश चन्द की दायीं जांघ गोली के कारण जख्मी हो गई। गंभीर चोट के कारण अत्यधिक खून बहने के बावजूद उन्होंने तब तक निरन्तर गोलीबारी की जबकि उनके सिर पर घातक गोली की वजह से चोट न लग गई। सूबेदार प्रकाश चन्द ने अपनी अंतिम सांस तक शूरवीरता से संघर्ष किया और भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं का पालन किया।

सूबेदार प्रकाश चन्द ने कर्तव्य का पालन करते हुए उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस और नि:स्वार्थ निष्ठा का परिचय दिया और आतंकवादियों से संघर्ष करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

4. आईसी-72726वाई मेजर सतनाम सिंह, ईन्जीनियर्स कोर/15वीं बटालियन दि असम राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीखः 09 दिसम्बर, 2013)

09 दिसम्बर, 2013 को मेजर सतनाम को मणिपुर के थाऊबल जिले में स्थित सामान्य क्षेत्र नेपाली खुट्टी-II में अत्यधिक शस्त्रों से लैस केएनएफ (एन) छह आतंकवादियों के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। खोजबीन के दौरान उनकी टीम भारी और प्रभावी गोलीबारी की चपेट में आ गई। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल प्रवाह किए बिना मेजर सतनाम अपने साथी हवलदार नविन्द्र के साथ शूरवीरता से खुले मैदान में आगे की तरफ बढ़े। अधिकारी ने अपने साथी को दमनात्मक गोलीबारी करने का निर्देश दिया और वे एक खूंखार आतंकवादी से भिड़ गए और काफी नजदीक से उसे मार गिराया । अधिकारी द्वारा किए गए वीरतापूर्ण कार्य के परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए और 21 पैरा (विशेष बल) के साथ अनुवर्ती बंदूकों के युद्ध में एक खूंखार आतंकवादी घायल हो गया तथा भारी मात्रा में शस्त्रों और गोलाबारूद की बरामदगी हुई।

मेजर सतनाम ने शस्त्रों और गोलाबारूद के साथ खूंखार आतंकवादियों को समाप्त करने/पकड़ने में अनुकरणीय नेतृत्व, अदम्य पराक्रम, साहस और वीरता का परिचय दिया।

5. आईसी- 64002एम मेजर अभिषेक कुमार, पंजाब रेजिमेंट/22वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीखः 13 जनवरी, 2014)

02 अक्टूबर, 2013 को मेजर अभिषेक ने जम्मू एवं कश्मीर के सोपोर गांव में नजदीकी संघर्ष में एक स्थानीय आतंकवादी को निरस्त्र कर गिरफ्तार करके अद्वितीय नेतृत्व और व्यक्तिगत रूप में पेशेवर क्षमता का प्रदर्शन किया। इस व्यक्ति से पूछताछ के दौरान सोपोर जिले के दूसरे गांव में एक और आतंकवादी के होने का खुलासा हुआ जिसे इस अफसर ने स्वयं 11 अक्टूबर, 2013 को बाद में गिरफ्तार किया।

13 जनवरी, 2014 को सोपोर के गांव में आतंकवादी होने संबंधी सूचना के आधार पर मेजर अभिषेक कुमार ने लक्षित घर की कारगर घेराबंदी की। 1335 बजे तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने लक्षित घर से अंधाधुंध गोलीबारी की और सोवार सिधेश्वर प्रधान को घायल कर दिया। इस अफसर ने प्रतिरोध में गोली चलाई । आतंकवादियों को घेर लिया और मार गिराया और घायल को खींचकर ले गये। अफसर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए अदम्य साहस रणनीतिक कौशल से भारी गोलीबारी के बीच रेंगकर आगे बढ़ा और एक आतंकवादी का सफाया कर दिया। यह देखकर दूसरे आतंकवादी ने गोलीबारी शुरू कर भागने की कोशिश की। अपने ऊपर होने वाली भारी मात्रा में गोलीबारी के बावजूद भी यह अफसर निकट गया और काफी नजदीक से उसे मार गिराया। स्वयं मेजर अभिषेक द्वारा मारे गए दोनों आतंकवादियों की बाद में जैश-ए-मोहम्मद के खूंखार आतंकवादियों के रूप में पहचान हुई।

मेजर अभिषेक कुमार ने दोनों खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने के दौरान अदम्य साहस, असाधारण वीरता का प्रदर्शन कर उत्कृष्ट नेतृत्व भावना का परिचय दिया।

6. आईसी-65352एल मेजर मनोहर सिंह भाटी सेना मैडल, पैराच्यूट रेजिमेंट/31वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीखः 24 फरवरी, 2014)

मेजर मनोहर सिंह भाटी जम्मू एवं कश्मीर के दारदपुरा सामान्य क्षेत्र में 24 फरवरी, 2014 को खोज करने और ऑपरेशनों को नष्ट करने के कार्य के लिए 18 राष्ट्रीय राईफल्स से सम्बद्ध 31 राष्ट्रीय राईफल्स के टीम कमांडर थे।

इस अफसर ने अतिसावधानी से ऑपरेशन की योजना बनाई और स्वयं ही टीम का नेतृत्व किया तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए कमर तक बर्फ से आच्छादित परिस्थितियों में जंगलों के बीच आतंकवादियों के छिपने के स्थान से संपर्क स्थापित किया। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए, उन्होंने कार्रवाई की और अत्यंत निकट से एक आतंकवादी को मार गिराया। आतंकवादियों ने प्रतिरोध में दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की। साथियों के लिए भारी खतरा भांप कर और संपर्क बनाए रखने की जरूरत समझकर इस अफसर ने साहस, निर्भीकता का प्रदर्शन करते हुए एवं अपने दल की सुरक्षा की चिंता करते हुए शेष आतंकवादियों पर गोलीबारी की और दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया।

इस अफसर के अदम्य साहस को देखकर आतंकवादियों के हौसले पस्त हो गए और वे स्वयं अफसर द्वारा स्थापित प्रतीक्षारत घात टुकड़ियों की ओर सीधे दौड पड़े। उनके इस ऑपरेशन में कुल पांच कट्टर विदेशी आतंकवादियों का सफाया हो गया जिससे लोलाब में लश्कर-ए-तैयबा का नेटवर्क नष्ट हो गया।

मेजर मनोहर सिंह भाटी ने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प, असाधारण वीरता और कर्तव्य से आगे जाकर अनुकरणीय नेतृत्व भावना का प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप उन दोनों खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने में सफल हुए।

7. आईसी-73277एफ मेजर विशाल सिंह राघव, राजपूताना राईफल्स/18वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीखः 24 फरवरी, 2014)

मेजर विशाल सिंह राघव 01 नवम्बर, 2012 से मरकुल में कंपनी कमांडर हैं । इन्होंने एक कारगर आसूचना नेटवर्क स्थापित किया है।

24 फरवरी 2014 को जम्मू एवं कश्मीर के दर्दपुरा जंगल में आतंकवादी के मौजूद होने की सूचना मिलने पर मेजर विशाल सिंह राघव ने बर्फ से आच्छादित जंगल में आतंकवादियों की तलाशी के लिए गश्त का नेतृत्व किया। बर्फ से आच्छादित जंगल में जब गश्त लगायी जा रही थी उसी समय यह अत्यंत निकट से आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बीच घिर गई। मेजर विशाल ने गंभीर खतरे के बावजूद साहस का परिचय दिया और संयम बनाए रखा तथा इसका प्रतिकार किया। उन्होंने तत्काल रणनीति तैयार की और आतंकवादियों के बचने के सभी रास्ते बंद कर दिए। अत्यंत गंभीर शत्रुतापूर्ण गोलीबारी के बीच अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की किंचित परवाह न करते हुए उन्होंने आतंकवादियों का मुकाबला किया और एक आतंकवादी को निष्प्रभावित कर दिया एवं दूसरे को अक्षम कर दिया। यद्यपि आतंकवादी गश्ती दल से संख्या में अधिक थे फिर भी मेजर राघव ने असाधारण वीरता का परिचय दिया और आतंकवादियों को रोका। उन्होंने अतिरिक्त सैन्य टुकड़ियों को बुलाया और विदेशी आतंकवादियों के समूचे समूह के खातमे को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मोर्चा स्थल के बारे में उनका मार्ग निर्देशन किया । इस संक्रिया के दौरान मेजर विशाल ने शौर्य से अपनी टीम का नेतृत्व किया और आतंकवादियों के साथ संपर्क बनाए रखा तथा आतंकवादियों की पहचान की एवं उन पर गोलीबारी जारी रखी जिसके परिणामस्वरूप लश्कर-ए-तैयबा के सात खूंखार विदेशी आतंकवादियों का सफाया हो गया।

मेजर विशाल सिंह राघव ने लश्कर-ए-तैयबा के खूंखार विदेशी आतंकवादियों को मार गिराने के दौरान पहल, असाधारण साहस, अनुकरणीय नेतृत्व भावना और टीम भावना का परिचय दिया।

8. लेफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन कुमार (52423-टी) (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीखः 25 फरवरी, 2014)

लेफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन कुमार (52423 टी) जनवरी 12 को भारतीय नौसेना पोत सिंधुरत्न में शामिल हुए थे। उनको वाच-कीपिंग अफसर (इलेक्ट्रिकल), गोताखोर अफसर और कम्पार्टमेंट-III के प्रभारी अफसर के रूप में नियुक्त किया गया था।

मरम्मत के पूरा होने के पश्चात समुद्री जांच के लिए पनडुब्बी में सवार 94 कार्मिकों के दल को 25 फरवरी, 2014 को समुद्र में भेजा गया । 26 फरवरी को लगभग 0530 बजे कम्पार्टमेंट III में अत्यधिक धुंआ उठने की सूचना मिली जिसमें पनडुब्बी की मुख्य बैटरियों का आधा हिस्सा भी होता है। लफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन कुमार ने प्रभारी अफसर की अपनी हैसियत से उपलब्ध सभी कार्मिकों और क्षति नियंत्रण परिसंपत्तियों को तत्काल संघटित किया एवं गंभीर आपातस्थिति को नियंत्रित करने के लिए पराक्रमी प्रयास आरंभ किए। चूँकि गर्मी के कारण कम्पार्टमेंट में परिवेशी तापमान बढ़ गया था और दृश्यता कम हो रही थी फिर भी इस अफसर ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा का ध्यान न रखते हुए इस आपातस्थिति से लड़ना जारी रखा। एक समय पर उन्होंने महसूस किया कि क्षति के सामीप्य में मानवीय जीवन को बचाने की स्थिति विकट हो चुकी है और उन्होंने सुरक्षित क्षेत्रों तक 13 कार्मिकों की टीम को पहुंचाने के तत्काल आदेश दिए और इस तरह हताहतों की संख्या को न्यूनतम कर दिया। उन्होंने स्वयं अग्नि-शमन का ही कार्य नहीं किया बल्कि क्षति नियंत्रण की स्थिति और आगामी संभावित विविक्षाओं के बारे में भी कमान चौकी को अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने क्षति को स्थानीयकृत क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया जिससे नीचे बैटरी कम्पार्टमेंट तक विस्तार रुक गया, इस प्रकार समूची पनडुब्बी को होने वाली क्षति के अत्यंत गंभीर खतरे की संभावना का निराकरण किया। बचे हुए कार्मिकों ने यह पुष्टि की है कि इस समय तक सांस लेना अत्यंत कठिन हो गया था परन्तु लेफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन ने अपने कर्मीदल की सुरक्षा के लिए प्रयास जारी रखे और साहस से इस आपातस्थिति का मुकाबला किया। उनको अंत में अपने स्वयं के जीवन को बचाने की अपेक्षा आग/धुंए को नियंत्रित करते हुए देखा गया। अत्यंत जोखिमपूर्ण स्थिति में धुंए को बुझाने के उनके अनुकरणीय प्रयास ड्यूटी की अपेक्षा उच्च कोटि के थे जिससे 94 कर्मीदल सदस्यों का जीवन और पनडुब्बी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी।

लेफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन कुमार ने पनडुब्बी के कम्पार्टमेंट-III में लगी गंभीर आग के दौरान दृढ़ निश्चय और असाधारण साहस का परिचय दिया और पनडुब्बी में 94 कर्मीदल सदस्यों का जीवन बचाने में सर्वोच्च बलिदान दिया।

9. लेफ्टिनेंट कमांडर कपीश सिंह मुवाल (52360-जेड) (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 25 फरवरी, 2014)

लेफ्टिनेंट कमांडर कपीश सिंह मुवाल (52360-जेड) ने अगस्त, 2011 में आईएनएस सिंधुरत्न में कार्यभार ग्रहण किया और दुर्घटना के समय उनकी डिप्टी इलैक्ट्रिकल अफसर और 5वां कम्पार्टमेंट के प्रभारी के रूप में नियुक्ति की गई।

पनडुब्बी को मरम्मत के बाद समुद्री परीक्षण के लिए 25 फरवरी, 2014 को 94 कार्मिकों का एक दल को लेकर समुद्र में भेजा गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपीश सिंह मुवाल 5वें कम्पार्टमेंट में अपनी चौकी में थे जब तीसरे कम्पार्टमेंट में भारी मात्रा में धुंआ होने की रिपोर्ट प्राप्त हुई । आपातकाल सुनने के बाद, वह तीसरे कम्पार्टमेंट के क्षतिग्रस्त क्षेत्र की ओर दौड़े और उस समय के वरिष्ठतम अफसर होने के नाते अग्निशामक दल और सभी उपलब्ध परिसंपत्तियों का प्रभार ले लिया। डिप्टी इलैक्ट्रिकल अफसर के रूप में, उनके पास बैटरी कम्पार्टमेंट का गहरा ज्ञान था और वह संभावित नुकसान को पहचान सके कि बढ़ती हुई आग से नीचे बैटरी कम्पार्टमेंट में और अतः पनडुब्बी में नुकसान हो सकता था। चूंकि धुंआ और गर्मी निरंतर बढ़ रही थी, अफसर ने दृढ़-निश्चय और संकल्प के साथ, अधिक से अधिक जिंदगियों को बचाने के उद्देश्य से अपने 13 कर्मियों की टीम को सुरक्षित स्थान पर ले जाते समय आग/धुंआ को बुझाने के अपने प्रयास को जारी रखा। अफसर नुकसान की सीमा को नियंत्रित करने हेतु अंतिम बार संघर्ष करते हुए दिखाई दिया, जब कि कम्पार्टमेंट खाली कराया जा रहा था। नीचे बैटरी कम्पार्टमेंट की ओर फैलते हुए नुकसान को रोकने के उनके अकेले कृत्य ने संपूर्ण पनडुब्बी के विशाल ढांचागत नुकसान को रोक दिया और पनडुब्बी में सवार 94 कार्मिकों से मिलकर बने कर्मीदल के उत्तरजीवियों को बचा लिया। उत्तरजीवियों ने पुष्टि की कि खतरे का सामना करते समय अफसर की बहादुरी में बलिदान, निस्वार्थ भाव और उच्च कोटि का साहस दिखाई दिया था, जिससे सम्पूर्ण पनडुब्बी की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

लेफ्टिनेंट कमांडर कपीश सिंह मुवाल ने दृढ़ निश्चय और असाधारण साहस का परिचय दिया जब पनडुब्बी के तीसरे कम्पार्टमेंट में भंयकर आग लगी हुई थी और पनडुब्बी के 94 कर्मी सदस्यों को बचाते समय सर्वोच्च बलिदान दिया।

10. विंग कमांडर हवि उपाध्याय (25850) उड़ान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 01 मार्च, 2014)

विंग कमांडर हवि उपाध्याय (25850) उड़ान (पायलट) हेलीकॉप्टर स्ट्रीम से हैं और 26 नवंबर 2012 से चीतल/ चीता हेलीकॉप्टर यूनिट की नफरी पर तैनात किए गए हैं जो सियाचिन ग्लेशियर में प्रचालित होते हैं । उन्होंने 3200 से अधिक घंटे की दुर्घटना/घटना रहित उड़ानें की हैं।

01 मार्च, 2014 को 1140 बजे जब विंग कमांडर उपाध्याय विमान अनुरक्षण सार्टी जुलू हेलीपैड की ओर भर रहे थे, उन्होंने एटीसी से एक आपात संदेश प्राप्त किया जिसमें कहा गया था कि एक आर्मी एएलएच हेलीकॉप्टर जिसका ईटीए 1105 बजे था, बेस कैंप में वापिस नहीं लौटा था और उससे संपर्क नहीं हो रहा था। विंग कमांडर उपाध्याय ने विद्यमान स्थिति पर पहुंचकर साहस, पटल और उच्च स्थितिपरक सतर्कता का प्रदर्शन किया। उन्होंने हेलीपेड पर अपने हेलीकॉप्टर को खाली किया और कालातीत सेना हेलीकॉप्टर की खोज और बचाव में निकल पड़े । तेजी से बिगड़ते मौसम से विचलित हुए बिना और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वह हेलीकॉप्टर को निरंतर खोजते रहे। उन्होंने 17600 फुट की चढ़ाई पर काजीरंगा चौकी के पास दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के मलबे को देखा। दुर्घटनाग्रस्त स्थान का भू-भाग लहरदार, मुलायम बर्फ से

ढका हुआ गहरी हिम-दरारों का दलदल था और ढालू था। उस समय भयंकर हवाएँ चल रही थी और उस क्षेत्र में हेलीकॉप्टर को उतारना अत्यधिक कठिन कार्य था यहां तक कि पांच मिनट की देरी होने से मौसम में कुछ दिखाई न पड़ता और बचाव अवसर समाप्त हो जाता। इससे अत्यधिक ठंड, उंची चढ़ाई, सदमा और चोटों के कारण दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के पायलटों की निश्चित रूप से मृत्यु हो जाती। परम साहस और असाधारण उड़ान कौशल का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपने हेलीकॉप्टर को दुर्घटनाग्रस्त स्थान के पास हिम-दरारों के बीच उतारा जब कि आंशिक शक्ति पर, उन्होंने यह सुनिश्चित करते हुए अपना हेलीकॉप्टर उड़ाया कि हेलीकॉप्टर स्की का किनारा मुलायम बर्फ के साथ हल्के संपर्क में है और घायल पायलटों को बचा लिया। वह अपने इस पूरे ऑपरेशन में शत्रु की निरंतर निगाह के खतरे में थे। यहां तक कि ऑपरेशन के दौरान हेलीकॉप्टर के नियंत्रण में किंचित अनियंत्रण से भयंकर दुर्घटना हो जाती। लगभग असंभव परिस्थितियों के अंतर्गत अपनी शूरवीरतापूर्ण कोशिश करते हुए अपने वीरतापूर्ण कार्य से उन्होंने सेना के दो पायलटों की जान बचाई और संयुक्त अभियान की भावना को अनुकरणीय बल प्रदान किया।

विंग कमांडर हवि उपाध्याय ने दो सेना के पायलटों की रक्षा करते समय असाधारण साहस, दृढ़ निश्चय और असाधारण उड़ान-कौशल का प्रदर्शन किया

11. 3005411एल सिपाही विक्रम, दि राजपूत रेजिमेंट / 44वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 25 अप्रैल, 2014)

25 अप्रैल, 2014 को सिपाही विक्रम जम्मू और कश्मीर के शुपियां जिले के गांव में एक आपरेशन का हिस्सा थे। मेजर मुकन्द वरदाराजन के साथी के रूप में सिपाही विक्रम ने तैयारी और लक्षित घर में कार्रवाई करने में अधिकारी की सहायता की। सिपाही विक्रम ने कथित रूप से स्वयं को खतरे में डाल दिया क्योंकि उसने अधिकारी को सुरक्षा प्रदान की थी।

लगभग 1800 बजे तक, आतंकवादी बाहरी घर में छुपे हुए थे, जहां पहुंचना कठिन था। साहस दिखाते हुए और संकल्प के साथ सिपाही विक्रम ने अधिकारी का साथ दिया जब दोनों सरकते हुए बाहरी घर में घुसे। चूंकि मेजर मुकन्द वरदाराजन दो आतंकवादियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया में घायल हो गए थे, सिपाही विक्रम ने खतरे को भांप लिया। सहचरता और मिशन स्थिति निर्धारण की मैत्री भावना का प्रदर्शन करते हुए उनको सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए अधिकारी के आगे कूद गए। इस प्रकार बहादुर जवान ने स्वेच्छा से स्वयं को खतरे में डाल दिया।

तीसरे आतंकवादी ने खतरा भांपते हुए सिपाही विक्रम पर अधाधुंध गोलियां चलाते हुए घायल कर दिया। कृतसंकल्प जवान घायल होने के बावजूद खड़ा हुआ और बहुत नजदीक से आतंकवादी को मार गिराया जब उसने बचने की कोशिश की थी। दूसरी बार दोनों तरफ की गोलीबारी में सिपाही विक्रम सिंह सिर और गले में गोली लगने से घायल हो गए और उसी स्थान पर दम तोड़ दिया।

सिपाही विक्रम ने अपने कर्तव्य एवं अपनी उम्र से आगे जाकर उत्कृष्ट बहादुरी, अदम्य साहस का परिचय देते हुए नि:स्वार्थ समर्पण भावना का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

12. 5352474के राईफलमैन प्रेम बहादुर रोका मगर, 2/4वीं बटालियन दि गोरखा राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 10 मई, 2014)

09 मई, 2014 को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के बघियादारा नाला में एलओआई-22 पर स्थित घात टुकड़ी का सदस्य होने के नाते राईफलमैन प्रेम बहादुर रोका मगर को कालस ओपी पर स्थित एचएचटीआई डेट्स के माध्यम से खोजे गए आतंकवादियों के एक संभावित घुसपैठ रास्ते पर सुरक्षा करने का कार्य सौंपा गया था।

10 मई 2014 को 0230 बजे आतंकवादियों के साथ आमना-सामना हुआ और गोलीबारी हुई। चूंकि आतंकवादी बिखर गए, एक आतंकवादी उनकी घात टुकड़ी दल के पास आ गया। गोलीबारी के दौरान राईफलमैन प्रेम ने आतंकवादी को अपना साथी समझते हुए उसे बुलाया। आतंकवादी ने कोई उत्तर नहीं दिया और धीरे से अपने हथियार को उसकी ओर कर दिया, राईफलमैन प्रेम ने साहसपूर्वक आतंकवादी के हथियार के नालमुख को पकड़ लिया, जब तक आतंकवादी ने गोली चलाते हुए अपनी मैगजीन खाली कर दी। दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई और राईफलमैन प्रेम ने तब आतंकवादी के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया और उसे नाले में धक्का दे दिया। इस शस्त्रहीन युद्ध के दौरान राईफलमैन प्रेम अपने हथियार को गिरा दिया था। ऐसा महसूस करते हुए कि आतंकवादी भाग सकते हैं, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए और सूझ-बूझ का परिचय देते हुए एनसीओ ने भागते हुए आतंकवादियों पर ग्रेनेड दाग दी जिससे उसकी टांग घायल हो गई। ग्रेनेड के टुकड़े ने आतंकवादियों को गतिहीन कर दिया जिसने उसे नियंत्रण रेखा के पार जाने से रोक दिया।

राईफलमैन प्रेम बहादुर रोका मगर ने उच्चतम स्तर की बहादुरी, अदम्य साहस, विशिष्ट शूरवीरता का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों के साथ हाथापाई के दौरान उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन करके आतंकवादियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

संख्या 75-प्रेज/2014—राष्ट्रपति निम्नलिखित सेना कार्मिकों को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए "सेना मेडल/आर्मी मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :-

1. आईसी-56366के लेफ्टिनेंट कर्नल पौनम रोमेश सिंह,
दि कुमाऊँ रेजिमेंट / 50वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

2. आईसी-63075एम मेजर मनि इंदर पाल,
द ग्रनेडियर्स / 29वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

3. आईसी-63384पी मेजर गौरव सोलंकी,
4वीं बटालियन दि पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

4. आईसी-63960एन मेजर सुभाप्रतीम बोस,
दि जम्मू और कश्मीर राईफल्स / 3वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

5. आईसी-64204एन मेजर दुश्यंत पूनियाँ,
सेना सेवा कोर / 55वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

6. आईसी-65062एन मेजर कशिश वाधवा,
दि सिख रेजिमेंट/6वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

7. आईसी-65667पी मेजर संजय कुमार,
ब्रिगेड ऑफ दि गार्डस् / 21वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

8. आईसी-67047एक्स मेजर राहुल सिंह,
दि सिख लाईट ईन्फैन्ट्री / 19वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स (मरणोपरांत)

9. आईसी-68833एच मेजर श्रीकांत आर,
दि राजपूत रेजिमेंट / 44वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

10. आईसी-69885एल/ मेजर पराग गुम्बर,
दि राजपूताना राईफल्स / 9वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

11. आईसी-70439डब्ल्यू मेजर विकास कुमार,
तोपखाना रेजिमेंट / 1वीं बटालियन दि असम राईफल्स

12. आईसी-73196एफ मेजर हिमांशु पारिक,
कवचित कोर / 53वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

13. आईसी-73754एक्स मेजर विरेन्द्र सिंह चंदेल,
दि ग्रनेडियर्स / 29वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

14. एसएस-42879एन कैप्टन रिन्टोमोन थचिल,
21वीं बटालियन दि पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

15. आईसी-75916डब्ल्यू लेफ्टिनेंट पंकज कुमार,
18वीं बटालियन दि महार रेजिमेंट

16. आईसी-76425एम लेफ्टिनेंट अभय शर्मा,
1वीं बटालियन दि पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

17. जेसी-540555एम सूबेदार ध्यान सिंह अधिकारी,
दि कुमाऊँ रेजिमेंट / 50वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

18. जेसी-612640एन सूबेदार टेक बहादुर राना,
2/4वीं बटालियन दि गोरखा राईफल्स

19. 3192105वाई हवलदार दुली चन्द,
2वीं बटालियन दि पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

20. 13622406एल हवलदार वारकडे अशोक शंकर,
2वीं बटालियन दि पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

21. 13622568डब्ल्यू हवलदार सुनिल कुमार सिंह,
दि पैराच्यूट रेजिमेंट / 18वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

22. 2895600वाई नायक करतार सिंह,
दि राजपूताना राईफल्स / 18वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

23. 2998440के नायक समीर कुमार मिदया,
2वीं बटालियन दि राजपूत रेजिमेंट

24. 4571766पी नायक गौरब सेन,
18वीं बटालियन दि महार रेजिमेंट

25. 13623908ए नायक मनीलाल देब बर्मा,
9वीं बटालियन दि पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)

26. 2608053एक्स लांस नायक मु. फिरोज खान,
दि मद्रास रेजिमेंट / 38वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स (मरणोपरांत)

27. 2897845एन लांस नायक हम्मा राम,
दि राजपूताना राईफल्स / 18वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

28. 13623989एल लांस नायक धर्मा नन्द पाण्डेय,
दि पैराच्यूट रेजिमेंट / 31वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

29. 14439779एफ लांस नायक संजय कुमार,
तोपखाना रेजिमेंट / 62वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

30. 15157908डब्ल्यू लांस नायक वी एंथोनी निर्मल विजी,
तोपखाना रेजिमेंट 111 /रॉकेट रेजिमेंट (मरणोपरांत)

31. 15572631एन लांस नायक वाघ कैलाश लहु,
ईंजीनियर्स कोर / 107वीं ईंजीनियर रेजिमेंट (मरणोपरांत)

32. 18003189एच लांस नायक दीपक कुमार वर्मा,
ईंजीनियर्स कोर / 70वीं ईंजीनियर रेजिमेंट (मरणोपरांत)

33. 2501110डब्ल्यू सिपाही जगदीप कुमार,
दि पंजाब रेजिमेंट / 22वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

34. 2502628डब्ल्यू सिपाही अजीत कपूर,
दि पंजाब रेजिमेंट / 22वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

35. 4367466एम सिपाही शान्तिरेम्बा,
5वीं बटालियन दि असम रेजिमेंट

36. जी/5002293के राईफलमैन चमन लाल,
1वीं बटालियन दि असम राईफल्स

37. जी/5010541के राईफलमैन प्रसनाजित बाल,
1वीं बटालियन दि असम राईफल्स

38. 15164971एन गनर मोहम्मद इजराईल शेख,
तोपखाना रेजिमेंट 111 /रॉकेट रेजिमेंट

39. 15621991डब्ल्यू गार्डसमैन सुनिल कुमार,
ब्रिगेड़ ऑफ दि गार्डस / 21वीं बटालियन दि राष्ट्रीय राईफल्स

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

संख्या 76-प्रेज़/2014–राष्ट्रपति कमांडर गोसावि कौस्तुभ विजयकुमार (03657-के) को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए " नौसेना/नेवी मेडल " प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

संख्या- 77-प्रेज़/2014 – राष्ट्रपति निम्नलिखित सेना कार्मिकों को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए " वायु सेना मेडल/ एयरफोर्स मेडल " प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :-

1. विंग कमांडर अभ्यंकर अनिकेत संतोष (24497) उड़ान (पायलट)

2. विंग कमांडर राहुल शुक्ला (25845) उड़ान (पायलट)

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

संख्या 78-प्रेज़/2014 – राष्ट्रपति, "सेनाध्यक्ष" से रक्षा मंत्री द्वारा प्राप्त "मेंशन इन डिसपेचज़" के लिए निम्नलिखित अधिकारियों/कार्मिकों के नामों को भारत को राजपत्र में प्रकाशन हेतु आदेश प्रदान करते हैं :-

ऑपरेशन रक्षक

1. आईसी-62911वाई मेजर विवेक यदुबंशी, 3/1 गोरखा राईफल्स

2. आईसी-63475वाई मेजर अनिल कुमार यादव, सेना विमानन कोर, 37 (आई) आर एंड ओ फ्लाईट

3. आईसी-67051ए मेजर अमनदीप सिंह, सेना सेवा कोर, 30 राष्ट्रीय राईफल्स

4. आईसी-70723एम मेजर सुशील चंद, ईंजीनियर्स, 6 राष्ट्रीय राईफल्स

5. आईसी-72403डब्ल्यू मेजर सिद्धार्थ सिन्हा, 7 गढ़वाल राईफल्स

6. 4078449एन नायक त्रिलोक सिंह, 3 गढ़वाल राईफल्स

7. 4078472एफ नायक चतुर सिंह, 3 गढ़वाल राईफल्स

8. 9104594ए नायक तिलक राज, 17 जम्मू और कश्मीर लाईट इफैंट्री

9. 4283389एक्स लांस नायक मंगरा ओरॉव, 15 बिहार

10. 4286978वाई सिपाही धर्मेन्द्र कुमार यादव, 15 बिहार

11. 4581457ए सिपाही मगरे राहुल भीमराव, महार, 30 राष्ट्रीय राईफल्स

12. 3009746ए सिपाही प्रशांत कुमार, राजपूत, 44 राष्ट्रीय राईफल्स

13. 4201803एफ सिपाही अजय वीर, कुमाऊँ, 50 राष्ट्रीय राईफल्स

14. 2502449डब्ल्यू सिपाही जोगिन्दर सिंह मनहास, पंजाब, 53 राष्ट्रीय राईफल्स

15. 4088524ए राईफलमैन राजेश सिंह, 3 गढ़वाल राईफल्स

16. 13771971एफ राईफलमैन अरविंद परिहार, जम्मू और कश्मीर राईफल्स, 3 राष्ट्रीय राईफल्स

17. 2703346एन ग्रनेडियर उमराव गुर्जर, 5 ग्रनेडियर्स

18. 15619678एम गार्डसमैन राम लाल मीना, गार्डस, 21 राष्ट्रीय राईफल्स

19. 13627254वाई पाराट्रूपर गोविंद सिंह, पाराच्यूट रेजिमेंट, 18 राष्ट्रीय राईफल्स (मरणोपरांत)

20. 15176479पी गनर अनिल सिंह भदवाल, तोपखाना रेजिमेंट, 18 राष्ट्रीय राईफल्स

21. 15498789वाई सवार सिद्धेस्वर प्रधान, कवचित कोर, 22 राष्ट्रीय राईफल्स

ऑपरेशन मेघदूत

1. 15427804वाई नायक गुरसेवक सिंह, सेना चिकित्सा कोर, 328 फील्ड अस्पताल (मरणोपरांत)

ऑपरेशन राइनो

1. आईसी-63148एन मेजर कुशवीर नंदा, 2 राजपूत

2. 4374618एल सिपाही दीपक डेका, 2 असम

3. जी/5005610एल राईफलमैन एम थांगबोय हौकिप, 33 असम राईफल्स

ऑपरेशन हिफाजत

1. 3407567पी सिपाही राजविन्दर सिंह, 18 सिख

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

संख्या 79–प्रेज/2014– राष्ट्रपति, तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:–

1 श्री गुरूसामी सुबरामनियन
फायरमैन
तमिलनाडु

2 श्री कसी पांडियन अरूणचला पांडियन
फायरमैन
तमिलनाडु

2. दिनांक 23.11.2013 को 05.55 बजे राजा पलयम अग्निशमन एवं बचाव केन्द्र के कंट्रोल रुम में सूचना मिली कि राज्य सरकार एवं श्री जय भरत की निजी बस, राजा पलयम से देनकासी जाने वाली सड़क पर मूलाकरेई विनयगर कोविल के नजदीक टक्करा गई है। तत्काल अग्निशमन दल एक फॉयर टेंडर के साथ श्री एस परमाशिवम, स्टेशन ऑफिसर की अगवाई में घटनास्थल पहुँचा। घटनास्थल पहुँचने पर पाया कि एक निजी बस नजदीक के 50 फुट गहरे कुएँ में गिरी हुई है। बस उल्टी होकर कुएँ में गिरी हुई थी व बस के अन्दर से यात्रियों की सहायता के लिए चिल्लाने की आवाजें आ रही थी। तत्काल फायरमैन जी सुबरामनियन एवं अरूणचला पांडियन जिन्हे पता था कि कुएँ में सीढी नही है व जहरीले साँप भी हो सकते हैं, अपनी जान की परवाह ना करते हुए रस्सी के सहारे कुएँ में उतर गए। बस के नजदीक पहुँच कर खिडकी के रास्ते बस में प्रवेश करने पर पाया कि तीन औरतें व दो आदमी गहरे सदमें की अवस्था में थे एवं मदद के लिए चिल्ला रहे थे। तीनो औरतों और दोनों आदमियों को इन्होंने बचाव रस्सी के सहारे एक–एक करके बाहर निकाला। उसके बाद मृत चालक को भी बाहर निकाला।

3. फायरमैन जी सुबरामनियन एवं अरूणचला पांडियन ने उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

4. यह पुरस्कार वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 23.11.2013 से इसके साथ देय होगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्यधिकारी

संख्या 80–प्रेज/2014– राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2014 के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:–

1. श्री राजेंद्र कुमार हक
संयुक्त निदेशक
जम्मु एंव कश्मीर

2. श्री लोकेश बी0 मुत्तपा
असिस्टेंट फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

3. श्री राघब मलिक
फायरमैन
ओडिशा

4. श्री अरबिंद कुमार
असिस्टेंट कमाण्डेन्ट (फायर)
सी0आई0एस0एफ0, एम0एच0ए0

5. श्री ज्ञान चन्द
असिस्टेंट सब इंस्पैक्टर (फायर)
सी0आई0एस0एफ0, एम0एच0ए0

6. श्री संतोष कुमार
हैड कांस्टेबल (फायर)
सी0आई0एस0एफ0, एम0एच0ए0

2. यह पुरस्कार विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3 (ii) के तहत प्रदान किया जाता हैं।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्यधिकारी

संख्या 81–प्रेज/2014–राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2014 के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:–

1. श्री रमेश चन्द्र कलिता
स्टेशन ऑफिसर
असम

2. श्री उमेश चन्द्र डेका
सब–ऑफिसर
असम

3. श्री रीपेंद्र चन्द्र कलिता
लीडिंग फायरमैन
असम

4. श्री आर0 एम0 धोडी
सब–ऑफिसर
दादरा एवं नागर हवेली

5. श्री एस0 सी0 पटेल
ड्राईवर
दादरा एवं नागर हवेली

6. श्री अमृतलाल करसन वाला
असिस्टेंट डिवीजनल फायर ऑफिसर
दमन एवं दीव

7. श्री सत्यपाल सिंह भारद्वाज
असिस्टेंट डिवीजनल ऑफिसर
दिल्ली

8. श्री अनूप सिंह
लीडिंग फायरमैन
दिल्ली

9. श्री अमरेश पाल
लीडिंग फायरमैन
दिल्ली

10. श्री अर्जुन शंकर परब
सब–ऑफिसर
गोवा

11. श्री भालचन्द्र जी0 वेलिप
लीडिंग फायरफाईटर
गोवा

12. श्री रामा दामोदर नाईक
ड्राईवर ऑपरेटर
गोवा

13. श्री रोमेश चन्द्र रैना
सहायक निदेशक
जम्मु एंव कश्मीर

14. श्री विजय कुमार भट
स्टेशन ऑफिसर
जम्मु एंव कश्मीर

15. श्री महानन्द सिंह
असिस्टेंट डिविजन फायर ऑफिसर
झारखण्ड

16. श्री ऋषि कुमार तिवारी
लीडिंग फायरमैन ड्राईवर
झारखण्ड

17. श्री रमन्नागौड़ा हनुमेईह
जिला अग्निशमन अधिकारी
कर्नाटक

18. श्री शांतकुमारचारी शंकराचारी
फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

19. श्री शिवरूद्राप्पा वीरान्नजप्पा
असिस्टेंट फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

20. श्री किशोर कुमार
असिस्टेंट फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

21. श्री पी0 आर0 सुनीमोन
फायरमैन ड्राईवर एवं पम्प आपरेटर
केरल

22. श्री मधुसूदन्न नायर जी0
लीडिंग फायरमैन
केरल

23. श्री पी0 एस0 स्री किशोर
लीडिंग फायरमैन
केरल

24. श्री पी0 के0 सरचन्द्र बाबू
लीडिंग फायरमैन
केरल

25. श्री रंजीत सिंह वाहेंबम
सब–ऑफिसर
मणिपुर

26. श्री स्ट्रंगर नौंगरेम
स्टेशन ऑफिसर
मेघालय

27. श्री विनोय कुमार मेधी
लीडिंग फायरमैन
मेद्यालय

28. श्री उग्रसेन साई
असिस्टेंट स्टेशन ऑफिसर
ओडिशा

29. श्री प्रभाकर साहु
असिस्टेंट स्टेशन ऑफिसर
ओडिशा

30. श्री सुरेंद्र नाथ गड़पला
असिस्टेंट स्टेशन ऑफिसर
ओडिशा

31. श्री श्रीकांत तरेई
हवलदार मकैनिक
ओडिशा

32. श्री भ्रमरवर सेठ
लिडिंग फायरमैन
ओडिशा

33. श्री सिरीनिवासन मुरलीदरण
स्टेशन ऑफिसर
तमिलनाडु

34. श्री रामासामी अन्नामलाई
फायरमैन ड्राईवर
तमिलनाडु

35. श्री पलनीयप्पन मुरूगेसन
फायरमैन
तमिलनाडु

36. श्री नन्द लाल दास
स्टेशन ऑफिसर
त्रिपुरा

37. श्री बाबुल देबनाथ
सब–ऑफिसर
त्रिपुरा

38. श्री राम सनेही
चीफ फायर ऑफिसर
उत्तर प्रदेश

39. श्री सत्यपाल सिंह
चीफ फायर ऑफिसर
उत्तर प्रदेश

40. श्री राजा बक्श सिंह
लीडिंग फायरमैन
उत्तर प्रदेश

41. श्री हरी सिंह यादव
लीडिंग फायरमैन
उत्तर प्रदेश

42. श्री पूरण चन्द्र शर्मा
फायर स्टेशन ऑफिसर
उत्तराखण्ड़

43. श्री हरीश चन्द्र
एफ0 एस0 ड्राईवर
उत्तराखण्ड़

44. श्री सुधाबिंदु सिकदर
फायर ईंजन आपरेटर एवं ड्राईवर
पश्चिम बंगाल

45. श्री प्राण कृष्ण साहा
फायर ईंजन आपेटर एवं ड्राईवर
पश्चिम बंगाल

46. श्री सुधीर दिगम्बर इंगले
कमांडेंट (फायर)
सी0आई0एस0एफ0, एम0एच0ए0

47. श्री सी0 नटराजन
असिस्टेंट सब इंसपैक्टर (फायर)
सी0आई0एस0एफ0, एम0एच0ए0

48. श्री हमबीर सिंह
हैड कांस्टेबल (फायर)
सी0आई0एस0एफ0, एम0एच0ए0

49. श्री राजकिशोर प्रसाद सिंह
असिस्टेंट फायर ऑफिसर
ओ0 एन0 जी0 सी0
तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

50. श्री रमणभाई खोडाभाई भुनातर
चीफ फायर मैन
ओ0 एन0 जी0 सी0
तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

2. यह पुरस्कार, सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3 (ii) के तहत प्रदान किया जाता हैं।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्यधिकारी

सं. 82—प्रेज/2014—**राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस, 2014 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-**

(i) महानिरीक्षक कुलदीप सिंह शेरोन, तटरक्षक पदक (सी-0089)

(ii) उपमहानिरीक्षक मोहिंदर सिंह दांगी, तटरक्षक पदक (ई-0025)

2. विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 4(iv) के तहत राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान किया जाता है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 83–प्रेज/2014––राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस, 2014 के अवसर पर कमांडेंट अरुणाभ बोस (0399-ई) को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

कमांडेंट अरुणाभ बोस (0399-ई) ने 10 जुलाई 1994 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की।

2. 14 सितंबर 2013 को, एम टी एक्वारियस विंग, एक बहुत बड़ा कंटेनर कार्गो (वीएलसीसी), ने तटरक्षक के समन्वय से 11 भारतीय मछुवारों का उनकी डूबती नौका से बचाव किया। सीधे जापान को मार्गस्त, वी एल सी सी ने तटरक्षक को बचाये गये मछुवारों को सुपुर्द करने के लिए अपनी सहमति दी, बशर्ते कि इस कार्य को यथाशीघ्र किया जाए। अत्यधिक वात प्रवाह के कारण, पोत कोची से 22 समुद्री मील की स्थिति तक ही आ सकता था। मछुवारों को लेने के लिए भारतीय तटरक्षक पोत सी-134 रवाना हुआ, किंतु खराब मौसम और उग्र समुद्र स्थिति के कारण पोत नौचालन कायम नहीं रख सका। मौसम सामान्य उड़ान स्थिति के लिए भी अनुकूल नहीं था। इसी बीच, वीएलसीसी को देरी हो गयी तथा पोत और अधिक प्रतिक्षा नहीं करना चाहता था, तटरक्षक संक्रिया दल के लिए दुविधा जटिल हो रही थी। खराब मौसम के बावजूद, यह निर्णय लिया गया कि मछुवारों का बचाव किसी अनुभवी पायलट के सहयोग से चेतक हेलिकॉप्टर द्वारा किया जाए।

3. अफसर ने इस कार्य की जिम्मेदारी ली और वह अपने कर्मियों के साथ विमान-वाहित हो गया। चेतक हेलिकॉप्टर खराब मौसम अर्थात् बारिस, नीचे बादल, निम्न दृश्यता और झंझावत हवाओं का सामना कर रहा था। उत्कृष्ट उड़ान कौशल और उत्साह के साथ, कमांडेंट अरुणाभ बोस ने मौसम का सामना किया तथा वीएलसीसी को ढूंढ लिया। प्रतिकूल हवाओं, बाधाओं और वीएलसीसी के डैक पर एक बड़े उभार के बावजूद, अफसर ने हेलिकॉप्टर को वीएलसीसी पर उतारा तथा अपने पहले चक्कर में 02 मछुवारों को लेकर कोची छोड़ा। अन्य 09 मछुवारों को लाने के कार्य को ध्यान में रखते हुए, अफसर ने कोची में हेलिकॉप्टर के 'खोज एवं बचाव' विन्यास को 'यात्री' विन्यास में तब्दील किया। विषय परिस्थितियों को पुनः चुनौती देते हुए अफसर ने वीएलसीसी पर हेलिकॉप्टर को उतारा तथा विंच ऑपरेटर को वहीं पर छोड़ते हुए शेष 09 मछुवारों में से 05 को ले जाकर कोची छोड़ा। अपने अंतिम चक्कर में अफसर ने विंच आपरेटर के साथ शेष 04 मछुवारों को लिया तथा सुरक्षित रूप से वापस कोची पहुंचा दिया।

4. उड़ान और अवतरण की अत्यंत विकट परिस्थितियों में अफसर द्वारा प्रदर्शित उत्साह, कौशल, परिस्थितिजनक जानकारी, अनुशासन और नेतृत्व के फलस्वरूप 11 भारतीय मछुवारों का बचाव किया गया तथा सेवा को सम्मान प्राप्त हुआ।

5. कमांडेंट अरुणाभ बोस (0399-ई) ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 84–प्रेज/2014––राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस, 2014 के अवसर पर उप कमांडेंट सुव्रोज्योति राय (0679-क्यू) को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

उप कमांडेंट सुव्रोज्योति राय (0679-क्यू) ने 26 जून 2006 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की।

2. अफसर ने 05 जून, 2013 को भारतीय तटरक्षक पोत सी-148 की कमान संभाली। अफसर ने 07 मार्च 2014 को गोवा तट के पास 'एमटी प्रतिभा भीमा' से 16 दस्युओं को गिरफ्तार करने में प्रमुख भूमिका निभाई।

3. 07 मार्च, 2014 को लगभग 0910 बजे पोत सी-148 मौका स्थल पर पहुंचा तथा पोत 'प्रतिभा भीमा' पर आरोहित हुआ। पत्तन के उप कप्तान ने परित्यक्त पोत पर 12 से 15 व्यक्तियों के देखे जाने की सूचना दी। हालांकि, पोत के ऊपरी डैक/ब्रिज की पूर्णतः छानबीन करने पर कोई व्यक्ति दिखाई नहीं दिया। आंतरिक सभी कक्षों में रोशनी नहीं थी और गहरा अंधेरा था। पोत पर मौजूद व्यक्तियों की संख्या, उनके इरादे तथा उनके पास मौजूद गोलीबारी शस्त्रों आदि की भी जानकारी नहीं थी । स्थिति की गंभीरता का अनुमान लगाते हुए अफसर ने मुख्यालय से पोत सी-133 के कमान अफसर को पोत सी-148 की अस्थायी कमान संभालने के संबंध में नियुक्ति करने का अनुरोध किया, ताकि वे टैंकर पर अभियान को संचालित करने में समर्थ हो सकें क्योंकि उक्त अफसर को पूर्व के बोर्डिंग अभियानों का अनुभव था।

4. उप कमांडेंट सुव्रोज्योति राय के नेतृत्व में, बोर्डिंग पार्टी ने जोखिम का परिकलन करके घुसपैठियों को आत्मसमर्पण करने की आवाज देते हुए हाथों में टार्च लेकर जोड़ों में आगे बढ़ना शुरू किया। पहले व्यक्ति को अंधेरे गलियारे में गिरफ्तार किया जिसने बताया कि पोत पर आठ व्यक्तियों वाले दो समूह थे, जो पिछले दो दिनों से प्रचालन कर रहे हैं। तत्पश्चात, तटीय सुरक्षा पुलिस के आगमन पर, अफसर ने शेष लुटेरों को बाहर निकालने/उन्हें गिरफ्तार करने के लिए संयुक्त अभियान कार्यान्वित किया। लगभग 03 घंटों की तलाशी अभियान के उपरांत 16 लुटेरों को बाहर निकाला गया और उन्हें गिरफ्तार किया गया। अफसर ने परिस्थिति में चार्ज लेने में अनुकरणीय उत्साह, व्यावसायिक सक्षमता और कुशाग्र बुद्धि का प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप सफल और दुर्घटनामुक्त अभियान निष्पादित हो सका।

5. उप कमांडेंट सुव्रोज्योति राय (0679-क्यू) ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 85–प्रेज/2014––राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस, 2014 के अवसर पर सहायक कमांडेंट अजय चौधरी (0830-एल) को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

सहायक कमांडेंट अजय चौधरी (0830-एल) ने 21 दिसम्बर 2009 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की।

2. 08 दिसंबर, 2013 को बंगाल की खाड़ी में 'माडी' चक्रवात के कारण कोलकाता से चेन्नई को मार्गस्त भारतीय तटरक्षक पोत राजतरंग को काकीनाडा में प्रवेश करने हेतु दिशानिर्देशित किया गया। 10 दिसंबर, 2013 को लगभग 0200 बजे पोत को कृष्णापटनम के पास एक चीनी कार्गो पोत 'एमवी शेडोंग' से आपात चिकित्सा निकासी करने संबंधी एक संदेश प्राप्त हुआ। पोत आवश्यक इंतजाम के साथ, चक्रवाती/चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों के अंतर्गत अंधेरे के दौरान अल्प सूचना में, मिशन करने के लए 0330 बजे रवाना हुआ।

3. पोत उसी दिन 0800 बजे निर्धारित मिलन स्थल पर चीनी पोत के पास पहुंचा। सहायक कमांडेंट अजय चौधरी ने चिकित्सा निकासी दल का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी ली। 4 से 5 मीटर के उठाव तथा समुद्र स्थिति 5-6 के साथ विद्यमान चक्रवाती परिस्थिति के कारण दिन के दौरान मौसम की स्थिति अत्यंत प्रतिकूल थी। हवा की गति 30 से 35 समुद्री मील थी तथा झोंकों की गति 40 समुद्री मील इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में रबड़ की फुलाने योग्य नौका (आरआईबी) को उतारा गया। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अफसर ने मिशन को निष्पादित करने के लिए अपने दल का नेतृत्व किया।

4. विद्यमान मौसमी परिस्थितियों में नौका को नियंत्रित करना अत्यंत मुश्किल सिद्ध हो रहा था क्योंकि समुद्र में भारी उठावों के कारण नौका ऊपर उछल रही थी। हालांकि, सभी मुश्किलों का सामना करते हुए, अफसर ने वाणिज्यिक पोत तक पहुंचने के लिए युक्तिपूर्वक नौका का चालन किया। भार से लदा वाणिज्यिक पोत भी काफी ज्यादा दोलित हो रहा था तथा उसके पार्श्व में जाना मुश्किल था। अफसर ने वाणिज्यिक पोत 'एमवी शेडोंग के पार्श्व में सुरक्षित जाने के लिए अभूतपूर्व नौकौशल कुशाग्रता और नौका संचालन योग्यता को प्रदर्शित किया। पोत के पार्श्व में पहुंचने पर रबड़ की फुलाने योग्य नौका (आरआईबी) भारी समुद्री उतार-चढ़ाव में ऊपर नीचे होने लगी। किंतु दल ने पीड़ित कर्मी को सुरक्षित रूप से नौका पर चढ़ाने और उसे वापस पोत तक लाने के कार्य को व्यवस्थित किया। तटरक्षक पोत पर लाने के उपरांत, पीड़ित कर्मी का प्रथम उपचार किया गया। अत्यधिक कष्ट साध्यपूर्ण अभियान में दो घंटों का समय लगा तथा जिसमें एक बहुमूल्य जीवन का बचाव किया गया। मिशन के दौरान प्रदर्शित स्वभाव और जोखिम अवबोधन योग्यता उसके कर्तव्य आह्वान की सीमा से परे है।

5. सहायक कमांडेंट अजय चौधरी (0830-एल) ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 86–प्रेज/2014––राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस, 2014 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक सहर्ष प्रदान करते हैं-

(i) उपमहानिरीक्षक नरेश कुमार कौल (एम-0204)

(ii) उपमहानिरीक्षक कल्पित दीक्षित (एम-0237)

2. सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(ii) के तहत तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

दिनांक 20 अक्तूबर, 2014

सं. 87–प्रेज/2014––राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अभय नारायण शुक्ला
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.6.2007 को जलालुद्दीन और नौशाद नामक हुजी के पाकिस्तान प्रशिक्षित खूँखार आतंकवादियों के लखनऊ शहर के अमीनाबाद क्षेत्र में घातक हथियारों एवं भारी विस्फोटकों के साथ मौजूद होने के बारे में जानकारी मिली ।

उन्हें रात्रिकाल मे कैसरबाग बस अड्डे से एक बस में चढ़ना था । श्री अविनाश मिश्र, इंस्पेक्टर एस टी एफ तथा श्री बी.एम. पाल, एस आई के नेतृत्व में दो टीमें आतंकवादियों को पकड़ने के लिए दिनांक 23.6.2007 को लगभग 0015 बजे कैसरबाग पहुँची। पहली टीम ने रेजिडेंसी के सामने दक्षिणी तिराहे पर मोर्चा संभाला और दूसरी टीम को उच्च न्यायालय तिराहे पर तैनात किया गया। कुछ देर बाद दो व्यक्ति बैग लिए हुए एक रिक्शे से सी एम ओ कार्यालय की तरफ से आए। वे रिक्शे से नीचे उतरे । श्री अभय नारायण शुक्ला, इंस्पेक्टर, श्री धर्मेश कुमार शाही, एस.आई. और पहली टीम के अन्य सदस्य सावधानी पूर्वक उनकी ओर बढ़े। उन्हें रूकने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। उनमें से एक ने अचानक पुलिस दल पर गोली चला दी। सौभाग्यवश श्री ए.एन. शुक्ला इंस्पेक्टर और श्री डी.के. शाही, एस.आई. बाल-बाल बच गए। दोनों सावधानीपूर्वक अंधेरे में उनकी ओर बढ़े। दोनों आतंकवादियों की गोली बारी के दायरे में थे। उन्होंने अदम्य साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया और अपनी जान भी जोखिम में डाली। चूंकि आतंकवादियों ने फिर से पुलिस दल पर गोली चलाई, इसलिए दोनों अधिकारियों ने आत्मरक्षा में नियंत्रित एवं सीमित गोलीबारी की। तब तक यह स्पष्ट हो गया था कि वे वास्तव में खूँखार आतंकवादी थे और घातक हथियारों से लैस थे। दूसरी टीम बचाव में गोलीबारी करने के लिए, यदि आवश्यक हुआ तो, उस स्थान पर पहुँच गयी। छाए हुए घने अंधेरे का लाभ उठाकर, अपने वृहत्त अनुभव का उपयोग करते हुए इंस्पेक्टर ए.एन. शुक्ला और एस. आई. डी के शाही अपनी जान जोखिम में डालकर आतंकवादियों की ओर बढ़े तथा अत्यधिक साहस एवं स्फूर्ति का परिचय देते हुए दोनों खूँखार आतंकवादियों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। उस समय उनमें से एक पुलिस दल पर गोलीबारी करने के इरादे से पिस्तौल की स्लाइड खींच रहा था और दूसरा भरा हुआ एके-47 थैले से बाहर निकाल रहा था।

पुलिस द्वारा की गई बरामदगियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

1. एक एके-47 राइफल, दो मैगजीन और 60 जिंदा कारतूस
2. एक 7.62 बोर की स्टार पिस्तौल, 02 जिंदा कारतूस और 7.62 बोर के 4 खाली खोखे
3. 9 कि.ग्रा. भारी विस्फोटक
4. 10 डेटोनेटर
5. 9 वोल्ट बैटरी एवं तार के साथ 04 टाइमर एलार्म घड़ी
6. 20 हथगोले

